Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

OMR Sheet No. : ...............................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________

(In words)

**J 0 2 0 1 8**

# PAPER II
# HINDI

**Time : 2 hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32**

Number of Questions in this Booklet : **100**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** multiple-choice type of questions. All questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only**. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में **100** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी । पहले 5 मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिए जाएँगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी काग़ज़ की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको 5 मिनट दिए जाएँगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद परीक्षा-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस परीक्षा-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिए गए हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर दिए गए OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फ़ोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किए गए उत्तर को मिटाना या सफ़ेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएँ ।
10. **केवल नीले / काले बाल प्वॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैल्कुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **ग़लत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**

www.careerindia.com

CAREERINDIA

## प्रश्न-पत्र II

## हिन्दी

***निर्देश :*** *इस प्रश्न-पत्र में* ***सौ (100)*** *बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के* ***दो (2)*** *अंक हैं। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

**1.** निम्नलिखित में से आर्यभाषा-परिवार की भाषा ***नहीं*** है :

(1) संस्कृत (2) प्राकृत (3) फ़ारसी (4) अरबी

**2.** विद्यापति के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा अपभ्रंश से भिन्न, प्रचलित बोलचाल की भाषा है ?

(1) पुरानी हिन्दी (2) देशी भाषा
(3) प्राकृताभास हिन्दी (4) राजस्थानी

**3.** 'पद्मावती-समय' किस काव्यग्रंथ का एक अंश है ?

(1) पद्मावत (2) पद्मावती
(3) पृथ्वीराज रासो (4) पृथ्वीराज-विजय

**4.** 'कवित्त-सवैया' के विषय में हजारी प्रसाद द्विवेदी की मान्यता है कि मूलत: ये छन्द

(1) लोक से आए हैं। (2) बन्दीजन के हैं।
(3) प्राकृत में प्रचलित थे। (4) राजस्थानी के हैं।

**5.** सखी-संप्रदाय का उपास्य तत्त्व है

(1) प्रेम (2) रूप
(3) रूप और प्रेम (4) अन्त: साधना

**6.** 'पुष्टि मार्ग' क्या है ?

(1) भगवान के अनुग्रह का मार्ग। (2) भगवान के अनुकरण का मार्ग।
(3) जीव और लोक के रक्षण का मार्ग। (4) भगवान के स्मरण का मार्ग।

**7.** 'रसखान' का संबंध किस संप्रदाय से है ?

(1) श्री संप्रदाय (2) सखी संप्रदाय
(3) निम्बार्क संप्रदाय (4) गौड़ीय संप्रदाय

**8.** निम्नलिखित में से 'रामायण' काव्य के रचयिता कौन हैं ?

(1) गुरु गोविन्द सिंह (2) जानकीराज किशोरीशरण
(3) विश्वनाथ सिंह (4) रसिक अली

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**9.** वृन्द द्वारा रचित सतसई का नाम है

(1) शृंगार सतसई (2) यमक सतसई

(3) रतन हजारा (4) राम सतसई

**10.** 'गीतिका' का रचनाकाल है

(1) 1923 ई. (2) 1930 ई. (3) 1936 ई. (4) 1938 ई.

**11.** 'उद्धव-शतक' के रचनाकार हैं

(1) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (2) श्रीधर पाठक

(3) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' (4) वियोगी 'हरि'

**12.** 'और अब छीनने आए हैं वे
हमसे हमारी भाषा
यानी हमसे हमारा रूप
जिसे हमारी भाषा ने गढ़ा है ।'

प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं

(1) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (2) रघुवीर सहाय

(3) नरेश मेहता (4) कुँवर नारायण

**13.** 'घर की बात' किस साहित्यकार की आत्मकथा है ?

(1) विद्यानिवास मिश्र (2) प्रभाकर माचवे

(3) श्यामसुन्दर दास (4) रामविलास शर्मा

**14.** "अनुभूति के द्वन्द्व ही से प्राणी के जीवन का आरंभ होता है । उच्च प्राणी मनुष्य भी केवल एक जोड़ी अनुभूति लेकर इस संसार में आता है ।"

उक्त कथन किस निबंध से है ?

(1) भाव या मनोविकार (2) उत्साह

(3) करुणा (4) लोभ और प्रीति

**15.** जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित पहली कहानी कौन-सी है ?

(1) पुरस्कार (2) गुंडा

(3) ग्राम (4) बिसाती

**16.** लाला भगवानदास और उनके परिवार की कथा किस उपन्यास में वर्णित है ?

(1) वामशिक्षक (2) भाग्यवती

(3) निस्सहाय हिन्दू (4) नूतन ब्रह्मचारी

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**17.** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपनी किस रचना को नाट्यरासक कहा है ?

(1) विषस्य विषमौषधम्
(2) वैदिकी हिंसा-हिंसा न भवति
(3) भारत-जननी
(4) भारत दुर्दशा

**18.** रामस्वरूप चतुर्वेदी द्वारा रचित आलोचना ग्रंथ ***नहीं*** है

(1) भाषा और संवेदना
(2) कामायनी का पुनर्मूल्यांकन
(3) हिन्दी-साहित्य और संवेदना का विकास
(4) साहित्य क्यों ?

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक रामविलास शर्मा द्वारा लिखित ***नहीं*** है ?

(1) हिन्दी जाति का साहित्य
(2) प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ
(3) यथार्थवाद
(4) महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण

**20.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल की व्यावहारिक आलोचना का आदर्श रूप उनकी किस पुस्तक में मिलता है ?

(1) रस मीमांसा
(2) चिन्तामणि भाग-1
(3) गोस्वामी तुलसीदास
(4) हिन्दी साहित्य का इतिहास

**21.** पिआ मोर बालक हम तरुनी ।
कोन तप चूकि भेलहुँ जननी ।।
उपर्युक्त पंक्तियों में किन विसंगतियों का वर्णन हुआ है ?

(i) अनमेल विवाह ।
(ii) स्त्री की भाग्यवादिता ।
(iii) दाम्पत्य-जीवन के प्रति उदासीनता ।
(iv) कामपिपासा ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii) सही
(2) (i), (ii) और (iv) सही
(3) (iii) और (iv) सही
(4) (i) और (iii) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**22.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत 'हिन्दी-साहित्य की भूमिका' क्रम और पद्धति की दृष्टि से इतिहास के रूप में प्रस्तुत नहीं है, फिर भी उसकी अर्थवत्ता इस बात में है

(i) उसकी सामग्री और उसमें दिए गए तथ्य नए हैं ।

(ii) उसकी दृष्टि नई है ।

(iii) उसकी व्याख्या नई है ।

(iv) उसमें शुक्ल जी की धारणाओं का समर्थन किया गया है ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (iii) और (iv) सही (2) (i), (ii) और (iii) सही

(3) (ii) और (iv) सही (4) (i) और (iv) सही

**23.** हठयोग में प्रयुक्त 'सहस्रार चक्र' के लिए इस्तेमाल होने वाले अन्य शब्द हैं

(i) शून्य चक्र

(ii) गगन-मंडल

(iii) मणिपूर चक्र

(iv) कैलास

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) सही (2) (iii) और (iv) सही

(3) (i), (iii) और (iv) सही (4) (i), (ii) और (iv) सही

**24.** पेम पहार कठिन बिधि गढ़ा । सो पै चढ़ै जो सिर सौं चढ़ा ।
पंथ सूरि कै उठा अँकूरू । चोर चढ़ै, की चढ़ मंसूरू ।
तू राजा का पहिरसि कंथा । तोरे घरहिं माँझ दस पंथा ।

प्रेम-पंथ पर चलने के लिए क्या आवश्यक है ?

(i) प्रेम-पंथ पर चलने के लिए निरभिमानिता आवश्यक है ।

(ii) प्रेम-पंथ पर चलना सूली पर चढ़ने जैसा है ।

(iii) कंथा पहन लेने से प्रेम-पंथ पर जाया जा सकता है ।

(iv) विभिन्न मत-मतांतरों वाला प्रेम-पंथ पर नहीं चल सकता ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii), (iii) और (iv) सही (2) (i), (ii) और (iii) सही

(3) (i), (ii) और (iv) सही (4) (iii) और (iv) सही

www.careerindia.com

**25.** कामिहि नारि पिआरि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम ।
तिमि रघुनाथ निरंतर प्रिय लागहु मोहि राम ।।
इस दोहे में कवि का अभिप्राय है कि

(i) जैसे कामी को स्त्री और लोभी को धन प्रिय है ।
(ii) हे राम, आप कामी को भी प्रिय लगिए ।
(iii) हे राम, आप लोभी के भी प्रिय बनिए ।
(iv) हे राम, आप मुझे हमेशा प्रिय लगिए ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (ii) सही
(2) (ii) और (iii) सही
(3) (ii), (iii) और (iv) सही
(4) (i) और (iv) सही

**26.** पिय बिनु नागिनि कारी रात ।
जौ कहुँ जामिनि उवति जुन्हैया, डसि उलटी ह्वै जात ।
जंत्र न फुरत मंत्र नहिं लागत, प्रीति सिरानी जात ।
सूर स्याम बिनु बिकल बिरहिनी, मुरि मुरि लहरैं खात ।।

उक्त पद का आशय है –

(i) प्रिय के बिना काली रात नागिन जैसी है ।
(ii) काली रात में चाँद के निकलते ही ऐसा लगता है जैसे नागिन डस कर उलटी हो गई है ।
(iii) इस नागिन के डसने पर सारे मंत्र बेअसर हो जाते हैं ।
(iv) असहाय और बेचैन विरहिणी मुड़-मुड़ कर नागिन को देखती है।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii) सही
(2) (i), (ii) और (iv) सही
(3) (ii), (iii) और (iv) सही
(4) (ii) और (iv) सही

CAREERINDIA

**27.** यों ही मन मेरो मेरे काम को न रह्यौ माई,
स्याम रंग ह्वै करि समान्यो स्याम रंग मैं ।
इन काव्य पंक्तियों का आशय है –
(i) नायिका का मन उसके वश में नहीं है ।
(ii) वह उसके लिए निरर्थक हो गया है ।
(iii) वह कृष्ण के रंग में रँग गया है ।
(iv) उसका मन काले रंग का हो गया है ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii) और (iv) सही
(2) (i) और (ii) सही
(3) (i) और (iii) सही
(4) (iii) और (iv) सही

**28.** निम्नलिखित कवित्त के आशय हैं :
सीत कौं प्रबल सेनापति कोपि चढ़्यौ दल,
निबल अनल, गयौ सूरि सियराइ कै ।
हिम के समीर, तेई बरसैं विषम तीर,
रही है गरम भौन कोनन मैं जाइ कै ।
धूम नैन बहैं, लोग आगि पर गिरे रहैं,
हिए सौं लगाइ रहैं नैंक सुलगाइ कै ।
मानौ भीत जानि, महा सीत तैं पसारि पानि,
छतियाँ की छाँह राख्यौ पाउक छिपाइ कै ।।
(i) यह सामान्य जीवन का चित्र है ।
(ii) ठंड को गुस्सैल सेना जैसा बताया गया है ।
(iii) गर्मी केवल लोगों के दिलों में बची है ।
(iv) सामान्य लोग आग के भरोसे सर्दी बिताते हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (iii) और (iv) सही
(2) (ii) और (iii) सही
(3) (i), (ii) और (iv) सही
(4) (ii), (iii) और (iv) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**29.** निम्नलिखित विकल्पों में से किसका सम्बन्ध कवि सुमित्रानन्दन पंत से है ?

(i) प्रकृति-प्रेम

(ii) आनन्दवाद

(iii) छायावाद

(iv) अरविन्द दर्शन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii) और (iii) सही
(2) (i), (ii) और (iii) सही
(3) (i), (iii) और (iv) सही
(4) (ii) और (iv) सही

**30.** जयशंकर प्रसाद ने कामायनी में चित्रित किया है कि

(i) श्रद्धा प्रेम और करुणा का प्रवर्तन करने वाली है ।

(ii) इड़ा या बुद्धि कर्मों में उलझाने वाली है ।

(iii) श्रद्धा के साथ मनु कभी शांतिपूर्वक नहीं रहते हैं ।

(iv) इड़ा के साथ रहकर मनु शासन की व्यवस्था भूल जाते हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) सही
(2) (ii) और (iii) सही
(3) (i) और (ii) सही
(4) (ii) और (iv) सही

**31.** निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध हरिवंशराय बच्चन से है ?

(i) रसवंती

(ii) आनन्द दर्शन

(iii) विषादकाव्य

(iv) मधुकाव्य

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (ii) सही
(2) (ii) और (iii) सही
(3) (i) और (iv) सही
(4) (iii) और (iv) सही

www.careerindia.com

**32.** निम्नलिखित में से कौन-कौन जनवादी कवि हैं ?

(i) धूमिल

(ii) धर्मवीर भारती

(iii) कुँवर नारायण

(iv) कुमार विकल

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii) और (iii) सही

(2) (iii) और (iv) सही

(3) (i) और (iv) सही

(4) (i), (ii) और (iii) सही

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी प्रेमचंद द्वारा रचित ***नहीं*** है ?

(i) पिसनहारी का कुआँ

(ii) परदा

(iii) मनोवृत्ति

(iv) प्रतिध्वनि

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii) और (iv) सही

(2) (i) और (ii) सही

(3) (iii) और (iv) सही

(4) (i), (ii) और (iii) सही

**34.** निम्नलिखित में से कौन-से पात्र जैनेन्द्र द्वारा रचित उपन्यासों के हैं ?

(i) सत्यधन

(ii) श्रीकान्त

(iii) रामेश्वर

(iv) जितेन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii), (iii) और (iv) सही

(2) (i), (iv) और (iii) सही

(3) (i), (ii) और (iv) सही

(4) (iii), (iv) और (i) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**35.** निम्नलिखित में से कौन-से निबंध-संग्रह हरिशंकर परसाई द्वारा रचित हैं ?

(i) अपनी-अपनी बीमारी
(ii) अंगद का पाँव
(iii) हँसते हैं रोते हैं
(iv) बबूल और कैक्टस

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) सही
(2) (ii) और (iv) सही
(3) (iii), (iv) और (i) सही
(4) (i) और (iv) सही

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तकें आचार्य दण्डी द्वारा लिखित हैं ?

(i) काव्यालंकार सूत्र-वृत्ति
(ii) व्यक्ति-विवेक
(iii) अवन्तिसुन्दरी-कथा
(iv) काव्यादर्श

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iv) सही
(2) (ii) और (iii) सही
(3) (iii) और (iv) सही
(4) (ii) और (iv) सही

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सी आत्मकथाएँ हैं ?

(i) अन्या से अनन्या
(ii) वट वृक्ष की छाया में
(iii) ग़ालिब छुटी शराब
(iv) अपनी ख़बर

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (iii) और (iv) सही
(2) (ii), (iii) और (iv) सही
(3) (i), (ii) और (iv) सही
(4) (i), (ii) और (iii) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**38.** निम्नलिखित में से कौन-से नाटक काव्यात्मक-शैली में लिखे गए हैं ?

(i) अंधा युग

(ii) सूखा सरोवर

(iii) माधवी

(iv) एक कंठ विषपायी

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) सही

(2) (i), (ii) और (iv) सही

(3) (i), (ii) और (iii) सही

(4) (i), (iii) और (iv) सही

**39.** लक्षणा शक्ति के लिए कौन-से कथन आवश्यक हैं ?

(i) मुख्यार्थ या वाच्यार्थ की बाधा

(ii) लक्ष्यार्थ का मुख्यार्थ से संबंधित होना

(iii) मूल में रूढ़ि का अभाव

(iv) संकेतित अर्थ में किसी तरह की बाधा न होना

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) सही

(2) (ii) और (iii) सही

(3) (iii) और (iv) सही

(4) (i) और (ii) सही

**40.** निम्नलिखित में से किन लेखकों का संबंध मुख्यत: बिम्ब से संबंधित ग्रंथों के लेखन से है ?

(i) टी.एस. इलियट

(ii) फ्रैंक करमोड

(iii) सी.डी. लेविस

(iv) क्लीन्थ ब्रुक्स

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii) और (iii) सही

(2) (iii) और (iv) सही

(3) (i) और (iii) सही

(4) (i) और (iv) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**41.** रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित काव्य-कृतियों का सही अनुक्रम है :

(1) माधवानल कामकंदला, हित तरंगिणी, प्रेम वाटिका, वृंद सतसई

(2) प्रेम वाटिका, वृंद सतसई, माधवानल कामकंदला, हित तरंगिणी

(3) हित तरंगिणी, माधवानल कामकंदला, वृंद सतसई, प्रेम वाटिका

(4) वृंद सतसई, प्रेम वाटिका, हित तरंगिणी, माधवानल कामकंदला,

**42.** रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :

(1) साहित्य-लहरी, बीजक, रसिक प्रिया, रामचरितमानस

(2) बीजक, रामचरितमानस, रसिक प्रिया, साहित्य-लहरी

(3) बीजक, साहित्य-लहरी, रामचरितमानस, रसिक प्रिया

(4) रसिक प्रिया, बीजक, रामचरितमानस, साहित्य-लहरी

**43.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के साहित्येतिहास में सगुणधारा के अन्तर्गत कृष्णभक्ति शाखा के कवियों का क्या क्रम दिया गया है ?

(1) सूरदास, परमानंददास, नन्ददास, कृष्णदास

(2) सूरदास, नन्ददास, परमानंददास, कृष्णदास

(3) सूरदास, नन्ददास, कृष्णदास, परमानंददास

(4) नन्ददास, सूरदास, परमानंददास, कृष्णदास

**44.** आधुनिक हिंदी-साहित्य के संदर्भ में निम्नलिखित का सही अनुक्रम है :

(1) भदेसपन, रहस्यात्मकता, इतिवृत्तात्मकता, उत्तर-आधुनिकता

(2) रहस्यात्मकता, इतिवृत्तात्मकता, भदेसपन, उत्तर-आधुनिकता

(3) इतिवृत्तात्मकता, रहस्यात्मकता, भदेसपन, उत्तर-आधुनिकता

(4) उत्तर-आधुनिकता, रहस्यात्मकता, भदेसपन, इतिवृत्तात्मकता

**45.** प्रकाशन-काल की दृष्टि से सुमित्रानंदन पंत के निम्नलिखित काव्य-संग्रहों का सही अनुक्रम है :

(1) लोकायतन, उत्तरा, सत्यकाम, अतिमा

(2) उत्तरा, अतिमा, लोकायतन, सत्यकाम

(3) सत्यकाम, अतिमा, उत्तरा, लोकायतन

(4) अतिमा, उत्तरा, लोकायतन, सत्यकाम

**46.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित कविता-संग्रहों का सही अनुक्रम है :

(1) आत्महत्या के विरुद्ध, आँगन के पार द्वार, चुका भी हूँ नहीं मैं, चाँद का मुँह टेढ़ा है

(2) चाँद का मुँह टेढ़ा है, आँगन के पार द्वार, चुका भी हूँ नहीं मैं, आत्महत्या के विरुद्ध,

(3) आँगन के पार द्वार, चाँद का मुँह टेढ़ा है, आत्महत्या के विरुद्ध, चुका भी हूँ नहीं मैं

(4) चुका भी हूँ नहीं मैं, आँगन के पार द्वार, आत्महत्या के विरुद्ध, चाँद का मुँह टेढ़ा है

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**47.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार निम्नलिखित कविताओं का सही अनुक्रम है :

(1) सरोज स्मृति, ब्रह्म राक्षस, परिवर्तन, बाघ

(2) परिवर्तन, सरोज स्मृति, ब्रह्म राक्षस, बाघ

(3) बाघ, परिवर्तन, सरोज स्मृति, ब्रह्म राक्षस

(4) ब्रह्म राक्षस, बाघ, परिवर्तन, सरोज स्मृति

**48.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(1) समय-सरगम, मय्यादास की माड़ी, लाल टीन की छत, आधा गाँव

(2) आधा गाँव, लाल टीन की छत, मय्यादास की माड़ी, समय-सरगम

(3) लाल टीन की छत, आधा गाँव, समय-सरगम, मय्यादास की माड़ी

(4) मय्यादास की माड़ी, समय-सरगम, लाल टीन की छत, आधा गाँव

**49.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम है :

(1) फाँसी, शरणार्थी, एक और ज़िन्दगी, मांस का दरिया

(2) मांस का दरिया, एक और ज़िन्दगी, फाँसी, शरणार्थी

(3) शरणार्थी, फाँसी, मांस का दरिया, एक और ज़िन्दगी

(4) एक और ज़िन्दगी, मांस का दरिया, शरणार्थी, फाँसी

**50.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :

(1) शब्दिता, वाद विवाद-संवाद, पश्यन्ती, तमाल के झरोखे से

(2) पश्यन्ती, तमाल के झरोखे से, वाद विवाद-संवाद, शब्दिता

(3) तमाल के झरोखे से, शब्दिता, पश्यन्ती, वाद विवाद-संवाद

(4) वाद विवाद-संवाद, पश्यन्ती, शब्दिता, तमाल के झरोखे से

**51.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार निम्नलिखित संस्मरण-ग्रंथों का सही अनुक्रम है :

(1) चिड़िया रैन बसेरा, वे देवता नहीं हैं, सप्तपर्णी, सृजन के सेतु

(2) सप्तपर्णी, सृजन के सेतु, वे देवता नहीं हैं, चिड़िया रैन बसेरा

(3) सृजन के सेतु, सप्तपर्णी, वे देवता नहीं हैं, चिड़िया रैन बसेरा

(4) वे देवता नहीं हैं, चिड़िया रैन बसेरा, सप्तपर्णी, सृजन के सेतु

**52.** प्रकाशन-वर्ष के अनुसार भीष्म साहनी के नाटकों का सही अनुक्रम है :

(1) हानूश, मुआवजे, आलमगीर, माधवी

(2) हानूश, माधवी, मुआवजे, आलमगीर

(3) मुआवजे, माधवी, हानूश, आलमगीर

(4) माधवी, हानूश, आलमगीर, मुआवजे,

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**53.** रामविलास शर्मा की प्रमुख आलोचनात्मक कृतियों का प्रथम प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से सही अनुक्रम है :

(1) भाषा और समाज, नई कविता और अस्तित्ववाद, भारत में अंग्रेजीराज और मार्क्सवाद, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना

(2) नई कविता और अस्तित्ववाद, भारत में अंग्रेजीराज और मार्क्सवाद, भाषा और समाज, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना

(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना, नई कविता और अस्तित्ववाद, भारत में अंग्रेजीराज और मार्क्सवाद, भाषा और समाज

(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना, भाषा और समाज, नई कविता और अस्तित्ववाद, भारत में अंग्रेजीराज और मार्क्सवाद

**54.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित अवधारणाओं का सही अनुक्रम है :

(1) मार्क्सवाद, फ़ासीवाद, मानववाद, प्राच्यवाद

(2) प्राच्यवाद, मार्क्सवाद, मानववाद, फ़ासीवाद

(3) फ़ासीवाद, मानववाद, प्राच्यवाद, मार्क्सवाद

(4) मानववाद, मार्क्सवाद, फ़ासीवाद, प्राच्यवाद

**55.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित पाश्चात्य साहित्य चिन्तकों का सही अनुक्रम है :

(1) फर्डिनांड द सास्युर (Ferdinand de Saussure), विलियम ब्लेक (William Blake), माइकेल फूको (Michel Fouchault), जॉक देरिदा (Jacques Derrida)

(2) विलियम ब्लेक (William Blake), फर्डिनांड द सास्युर (Ferdinand de Saussure), माइकेल फूको (Michel Foucault), जॉक देरिदा (Jacques Derrida)

(3) माइकेल फूको (Michel Foucault), फर्डिनांड द सास्युर (Ferdinand de Saussure), जॉक देरिदा (Jacques Derrida), विलियम ब्लेक (William Blake)

(4) जॉक देरिदा (Jacques Derrida), विलियम ब्लेक (William Blake), फर्डिनांड द सास्युर (Ferdinand de Saussure), माइकेल फूको (Michel Foucault)

***निर्देश :*** *प्रश्न संख्या **56** से **75** तक के प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं । इनमें से एक **स्थापना (Assertion) (A)** है और दूसरा **तर्क (Reason) (R)** है । कूट में दिए गए विकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन कीजिए ।*

**56.** *स्थापना (Assertion) (A) :* मनुष्य की अन्त: प्रकृति पर अतीत का गहरा प्रभाव होता है और उसमें स्मृति की-सी सजीवता होती है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि अतीत हृदय के लिए एक मुक्तिलोक है । इसीलिए अतीत की स्मृतिजन्य काल्पनिक सत्यमूलक सजीवता और मार्मिकता का अनुभव करके ही संस्कृत के पुराने कवि अपने महाकाव्य और नाटक इतिहास-पुराण के किसी वृत्त का आधार लेकर रचा करते थे ।

**कूट :**

(1) (A) सही है, (R) ग़लत

(2) (A) सही (R) सही

(3) (A) ग़लत (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**57.** *स्थापना (Assertion) (A) :* इतिहास मानव प्रवृत्तियों का अन्तर्सार है ।

*तर्क (Reason) (R) :* इसीलिए इतिहास को साहित्यिक अभिवृत्तियों की अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ उपजीव्य माना जाता है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत

(2) (A) ग़लत (R) सही

(3) (A) ग़लत (R) ग़लत

(4) (A) सही (R) सही

**58.** *स्थापना (Assertion) (A) :* आचार्य शुक्ल के अनुसार काव्य का आभ्यंतर स्वरूप या आत्मा भाव, रस और अलंकार है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि भाव या रस तथा अलंकार दोनों में कल्पना का काम पड़ता है । जिस प्रकार विभाव, अनुभाव में हम उसका प्रयोग पाते हैं उसी प्रकार रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों में भी ।

**कूट :**

(1) (A) ग़लत (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) सही (R) सही

(4) (A) सही (R) ग़लत

**59.** *स्थापना (Assertion) (A) :* काव्य में सुन्दर और कुरूप बस ये ही दो पक्ष हैं । शुद्ध काव्यक्षेत्र में न कोई बात भली कही जाती है न बुरी ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि भला-बुरा, शुभ-अशुभ, पाप-पुण्य, मंगल-अमंगल, उपयोगी-अनुपयोगी ये सब शब्द नीति, धर्म, व्यवहार और अर्थशास्त्र के हैं, काव्यक्षेत्र से उनका सम्बन्ध नहीं ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत

(2) (A) ग़लत (R) सही

(3) (A) सही (R) सही

(4) (A) ग़लत (R) ग़लत

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**60.** *स्थापना (Assertion) (A) :* रसानुभूति में बोधवृत्ति का उपादान बराबर रहता है । उसे हम अलग नहीं कर सकते ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि किसी वस्तु या तथ्य के मार्मिक पक्ष की प्रतीति का बोध लिए हुए ही सच्ची रसानुभूति होती है । वस्तु या तथ्य का मार्मिक पक्ष उस वस्तु या तथ्य से अलग कोई वस्तु नहीं होता, उसी के अन्तर्भूत होता है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) ग़लत (R) सही

(4) (A) सही (R) ग़लत

**61.** *स्थापना (Assertion) (A) :* नाटक अनुकृतिमूलक काव्य है ।

*तर्क (Reason) (R) :* इसीलिए काव्यत्व-प्रधान नाटकों का प्रदर्शन कठिन हो जाता है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) सही

**62.** *स्थापना (Assertion) (A) :* भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कविताओं का मूल स्वर समाज सुधार और देश-वत्सलता है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि भारतेन्दु के समय में देशप्रेम और सुधार की भावना भारतीय समाज में नहीं थी ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) ग़लत (R) सही

(4) (A) सही (R) ग़लत

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**63.** *स्थापना (Assertion) (A) :* मौन भी अभिव्यंजना है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि कविता में सही शब्द वे ही हैं जिनके बीच का अन्तराल सबसे अधिक अर्थवत्तापूर्ण काव्यमर्म को सम्प्रेषित कर सके ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) सही

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) ग़लत

**64.** *स्थापना (Assertion) (A) :* सभी भारतीय आचार्यों ने एकमत से गुण को मुख्य रूप से शब्दार्थ का धर्म माना है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि गुणों का काव्यशरीर में सारभूत तत्त्व रस से कोई सम्बन्ध नहीं ।

**कूट :**

(1) (A) ग़लत (R) सही

(2) (A) सही (R) सही

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) ग़लत

**65.** *स्थापना (Assertion) (A) :* कबीर चंदबरदायी की तरह क्रान्तिकारी कवि हैं ।

*तर्क (Reason) (R) :* इसीलिए निर्भीकता और वीरता उनकी कविता के मुख्य स्वर हैं ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**66.** *स्थापना (Assertion) (A) :* छायावाद सूक्ष्म की अभिव्यंजना है ।

*तर्क (Reason) (R) :* इसीलिए छायावादी काव्य में इतिवृत्तात्मकता का अभाव है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) ग़लत (R) सही

(4) (A) सही (R) ग़लत

**67.** *स्थापना (Assertion) (A) :* सूरदास का लीला-वर्णन जीव की वृत्ति के उत्कर्ष का दर्शन है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि उसकी चरम परिणति रासलीला में वृत्ति और चेतन के पूर्ण मिलन में होती है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत

(2) (A) सही (R) सही

(3) (A) ग़लत (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) सही

**68.** *स्थापना (Assertion) (A) :* मिथक धार्मिक इतिहास के उद्‌गम स्रोत हैं । धार्मिक क्रियाओं में रूढ़ होकर वह अपनी अर्थ संभावनाओं का विस्तार करने की बजाए एक सीमित धार्मिक विश्वास या विचार के रूप में रूढ़ हो जाता है ।

*तर्क (Reason) (R) :* लेकिन धर्म के साथ जुड़कर मिथक कमज़ोर नहीं पड़ता अपितु भाषा, कला और साहित्य में शक्तिशाली बन जाता है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत

(2) (A) ग़लत (R) सही

(3) (A) सही (R) सही

(4) (A) ग़लत (R) ग़लत

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**69.** *स्थापना (Assertion) (A) :* 'वृत्तयो नाट्य-मातर:' अर्थात् वृत्तियाँ नाट्य की माता कही गई है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि समस्त अभिनयों की परिसमाप्ति इन्हीं वृत्तियों में होती है तथा वृत्ति से नाट्य में रसोदय होता है ।

**कूट :**

(1) (A) ग़लत (R) ग़लत

(2) (A) ग़लत (R) सही

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) सही (R) सही

**70.** *स्थापना (Assertion) (A) :* रीतिकाल में कवियों द्वारा अपने आश्रयदाताओं को लोकोत्तर आनन्द देने वाले शृंगार के मादक चित्र खींचे गए ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि शृंगार का यह चित्रण शास्त्रानुरूप 'उज्ज्वलवेशात्मक' है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) सही (R) ग़लत

(4) (A) ग़लत (R) सही

**71.** *स्थापना (Assertion) (A) :* मोहन राकेश के नाटक स्त्री-पुरुष के बीच लगाव और तनाव का प्रदर्शन हैं ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि उनके नाटकों के सभी स्त्री पात्र पुरुषों के प्रति विरोध भाव रखते हैं ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत

(2) (A) ग़लत (R) ग़लत

(3) (A) सही (R) सही

(4) (A) ग़लत (R) सही

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**72.** *स्थापना (Assertion) (A) :* प्रगतिवाद कवि की वैचारिक प्रतिबद्धता का समर्थक है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि प्रगतिवादी विचारधारा कवि को समाज-निरपेक्ष यथार्थ की अभिव्यक्ति की आज़ादी देती है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) ग़लत
(2) (A) ग़लत (R) सही
(3) (A) ग़लत (R) ग़लत
(4) (A) सही (R) सही

**73.** *स्थापना (Assertion) (A) :* उत्तर-आधुनिकता समग्रतावाद का विरोधी है और बहुलतावाद का समर्थक है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि इसमें सार्वभौमिक सत्य और तर्क का निषेध है ।

**कूट :**

(1) (A) सही (R) सही
(2) (A) सही (R) ग़लत
(3) (A) ग़लत (R) सही
(4) (A) ग़लत (R) ग़लत

**74.** *स्थापना (Assertion) (A) :* लिंगभेद सामाजिक निर्मिति है ।

*तर्क (Reason) (R) :* क्योंकि पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था ने यह भेद उत्पन्न किया है ।

**कूट :**

(1) (A) ग़लत (R) ग़लत
(2) (A) ग़लत (R) सही
(3) (A) सही (R) सही
(4) (A) सही (R) ग़लत

**75.** *स्थापना (Assertion) (A) :* समष्टि चित्त में अनुकूल भावान्दोलन पैदा करने वाला तत्त्व ही सौन्दर्य है ।

*तर्क (Reason) (R) :* वस्तुत: जो वस्तु समष्टि मानव-चित्त को सुन्दर लगती है, उसे ही सुन्दर मानना चाहिए ।

**कूट :**

(1) (A) ग़लत (R) ग़लत
(2) (A) सही (R) ग़लत
(3) (A) सही (R) सही
(4) (A) ग़लत (R) सही

www.careerindia.com

**76.** सूची I की हिन्दी की निम्नलिखित उपभाषाओं को सूची II की उनकी बोली के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | पूर्वी हिन्दी | (i) | कन्नौजी |
| (b) | बिहारी हिन्दी | (ii) | मेवाती |
| (c) | पश्चिमी हिन्दी | (iii) | गढ़वाली |
| (d) | राजस्थानी हिन्दी | (iv) | मगही |
| | | (v) | बघेली |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**77.** सूची I के हिन्दी साहित्येतिहास-ग्रंथों को सूची II के उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | हिन्दी-साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास | (i) | सुमन राजे |
| (b) | हिन्दी-साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास | (ii) | बच्चन सिंह |
| (c) | हिन्दी-साहित्य का आधा इतिहास | (iii) | राजकुमार वर्मा |
| (d) | हिन्दी-साहित्य का दूसरा इतिहास | (iv) | लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय |
| | | (v) | गणपति चन्द्र गुप्त |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |



CAREERINDIA www.careerindia.com

**78.** सूची I की निम्नलिखित रचनाओं को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | चर्यापद | (i) | देवसेन |
| (b) | श्रावकाचार | (ii) | लूहिपा |
| (c) | योगचर्या | (iii) | शबरपा |
| (d) | दोहाकोष | (iv) | डोंबिपा |
| | | (v) | सरहपा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**79.** सूची I की निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | बिगसा कुमुद देखि सति रेखा | (i) | कबीर दास |
| (b) | मेरे नयना विरह की बेल बई | (ii) | सूरदास |
| (c) | कबित बिबेक एक नहिं मोरें | (iii) | जायसी |
| (d) | कायानगरी बनी अति सुंदर | (iv) | तुलसीदास |
| | | (v) | परमानंद दास |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |

www.careerindia.com
CAREERINDIA

**80.** सूची I के निम्नलिखित सम्प्रदायों को सूची II के उनके प्रवर्तक आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | गौड़ीय सम्प्रदाय | (i) | मध्वाचार्य |
| (b) | राधावल्लभ सम्प्रदाय | (ii) | चैतन्य महाप्रभु |
| (c) | सखी सम्प्रदाय | (iii) | हित हरिवंश गोस्वामी |
| (d) | मध्व सम्प्रदाय | (iv) | वल्लभाचार्य |
| | | (v) | स्वामी हरिदास |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

**81.** सूची I के निम्नलिखित वीरकाव्यों को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | रणमल्ल छंद | (i) | दुरसाजी आढ़ा |
| (b) | विजयपाल रासो | (ii) | श्रीधर |
| (c) | राणा रासो | (iii) | दयाराम |
| (d) | रतन रासो | (iv) | कुंभकर्ण |
| | | (v) | नल्हसिंह |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**82.** सूची I की निम्नलिखित कृतियों को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | जगद्विनोद | (i) | सुरति मिश्र |
| (b) | भाषा भूषण | (ii) | देव |
| (c) | भाव विलास | (iii) | पद्माकर |
| (d) | अलंकारमाला | (iv) | जसवंत सिंह |
| | | (v) | मतिराम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (v) |

**83.** सूची I की इन काव्य-पंक्तियों को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | आरस सो आरत, संभारत न शीश पर ... | (i) | घनानन्द |
| (b) | अलि हौं तो गई जमुना जल को ... | (ii) | पद्माकार |
| (c) | जा थल कीने बिहार अनेकन ... | (iii) | मंडन |
| (d) | वा निरमोहिनि रूप की रासि ... | (iv) | ठाकुर |
| | | (v) | आलम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (4) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |

**84.** सूची I के निम्नलिखित पात्रों को सूची II की उनकी काव्य रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | नचिकेता | (i) | कुरुक्षेत्र |
| (b) | जाम्बवंत | (ii) | असाध्य वीणा |
| (c) | मानव | (iii) | आत्मजयी |
| (d) | वज्रकीर्ति | (iv) | कामायनी |
| | | (v) | राम की शक्ति पूजा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (v) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**85.** सूची I के निम्नलिखित काव्यों को सूची II के उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | विष्णुप्रिया | (i) | महादेवी वर्मा |
| (b) | आराधना | (ii) | रघुवीर सहाय |
| (c) | दीपशिखा | (iii) | दिनकर |
| (d) | लोग भूल गए हैं | (iv) | निराला |
| | | (v) | मैथिलीशरण गुप्त |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (v) |
| (3) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (4) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |

CAREERINDIA
www.careerindia.com

CAREERINDIA

**86.** सूची I के निम्नलिखित कवियों को सूची II की उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | दिनकर | (i) | लोकायतन |
| (b) | निराला | (ii) | चुका भी हूँ नहीं मैं |
| (c) | पंत | (iii) | नीरजा |
| (d) | महादेवी | (iv) | सांध्य-काकली |
| | | (v) | परशुराम की प्रतीक्षा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (4) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |

**87.** सूची I की निम्नलिखित पंक्तियों को सूची II की उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ओ चिंता की पहली रेखा,<br>अरी विश्व वन की व्याली | (i) | उर्वशी |
| (b) | कन्ये, गत कर्मों का अर्पण<br>कर, करता मै तेरा तर्पण | (ii) | ब्रह्मराक्षस |
| (c) | रूप की आराधना का मार्ग<br>आलिंगन नहीं तो और क्या है ? | (iii) | कामायनी |
| (d) | पिस गया वह भीतरी<br>औ, बाहरी दो कठिन पाटों बीच,<br>ऐसी ट्रेजडी है नीच !! | (iv) | सरोज-स्मृति |
| | | (v) | कुरुक्षेत्र |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (3) | (v) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**88.** सूची I के निम्नलिखित पात्रों को सूची II की उनसे संबद्ध कहानियों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | गजाधर बाबू | (i) | गदल |
| (b) | सिद्धेश्वरी | (ii) | ठाकुर का कुआँ |
| (c) | बिरजू | (iii) | वापसी |
| (d) | जोखू | (iv) | दोपहर का भोजन |
| | | (v) | लाल पान की बेगम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (3) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

**89.** सूची I के निम्नलिखित वर्ण्य विषयों को सूची II के उनसे संबद्ध उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मृत्यु से साक्षात्कार | (i) | रतिनाथ की चाची |
| (b) | करनट जाति का जीवन-यथार्थ | (ii) | अमृत और विष |
| (c) | जमींदारों द्वारा किसानों की बेदखली | (iii) | कब तक पुकारूँ |
| (d) | दलित जीवन की नाटकीय वास्तविकताओं का चित्रण | (iv) | अपने-अपने अजनबी |
| | | (v) | नाच्यौ बहुत गोपाल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |

www.careerindia.com

**90.** सूची I के निम्नलिखित निबन्धकारों को सूची II की उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | नन्द दुलारे वाजपेयी | (i) | कुछ उथले कुछ गहरे |
| (b) | विश्वनाथ प्रसाद मिश्र | (ii) | कला साहित्य और समीक्षा |
| (c) | इन्द्रनाथ मदान | (iii) | राष्ट्रभाषा की कुछ समस्याएँ |
| (d) | भगीरथ मिश्र | (iv) | हिन्दी का सामयिक साहित्य |
| | | (v) | विमर्श के क्षण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (4) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |

**91.** सूची I के निम्नलिखित नाटकों को सूची II की उनकी केन्द्रीय समस्या के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | कोर्ट मार्शल | (i) | भोगवाद |
| (b) | कामना | (ii) | स्त्री-विडम्बना |
| (c) | आठवाँ सर्ग | (iii) | सत्ता-व्यवस्था पर व्यंग्य |
| (d) | माधवी | (iv) | जातिवाद |
| | | (v) | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

www.careerindia.com

**92.** सूची I के निम्नलिखित पात्रों को सूची II के उनसे संबद्ध उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | रिशि | (i) | परती परिकथा |
| (b) | मोतीराम | (ii) | अर्धनारीश्वर |
| (c) | भवेशनाथ | (iii) | राग दरबारी |
| (d) | कुन्तल | (iv) | रात का रिपोर्टर |
| | | (v) | आधा गाँव |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |
| (2) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**93.** सूची I की निम्नलिखित गद्य-रचनाओं को सूची II के उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अरे यायावर रहेगा याद | (i) | राजेन्द्र यादव |
| (b) | देहरि भई विदेस | (ii) | अज्ञेय |
| (c) | वसन्त से पतझर तक | (iii) | राहुल सांकृत्यायन |
| (d) | मेरी तिब्बत यात्रा | (iv) | रवीन्द्रनाथ त्यागी |
| | | (v) | कृष्ण बलदेव वैद |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**94.** सूची I के निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय ग्रंथों को सूची II के उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | उद्‌भट | (i) | कविकण्ठाभरण |
| (b) | वामन | (ii) | काव्यप्रकाश |
| (c) | रुद्रट | (iii) | काव्यालंकार |
| (d) | मम्मट | (iv) | काव्यालंकारसारसंग्रह |
| | | (v) | काव्यालंकारसूत्रवृत्ति |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (v) | (iii) | (ii) |
| (4) | (v) | (i) | (ii) | (iii) |

**95.** सूची I के काव्य प्रयोजन से संबंधित निम्नलिखित श्लोकों को सूची II के उनके रचनाकार आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | “धर्मार्थ काममोक्षेषु वैचक्षण्य कलासु चे ।<br>करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिबंधनम् ।।” | (i) | भरत |
| (b) | “धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्द्धनम् ।<br>लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद् भविष्यति ।।” | (ii) | कुन्तक |
| (c) | “धर्मादिसाधनोपाय: सुकुमारक्रमोदित: ।<br>काव्यबन्धोऽभिजातानां हृदयाह्लादकारक: ।।” | (iii) | भामह |
| (d) | “काव्यं यशसेऽर्यकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।<br>सद्य: परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।” | (iv) | विश्वनाथ |
| | | (v) | मम्मट |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (v) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |

www.careerindia.com

**निर्देश :** *निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **96** से **100**) के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :*

हमारे अंत:करण में प्रिय के आदर्श रूप का संघटन उसके शरीर या व्यक्ति मात्र में आश्रय से हो सकता है, पर श्रद्धेय के आदर्श-रूप का संघटन उसके फैलाए हुए कर्म-तंतु के उपादान से होता है । प्रिय का चिंतन हम आँख मूँदे हुए, संसार को भुलाकर, करते हैं; पर श्रद्धेय का चिंतन हम आँख खोले हुए, संसार का कुछ अंश सामने रखकर करते हैं । यदि प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण है । प्रेमी प्रिय को अपने लिए और अपने को प्रिय के लिए संसार से अलग करना चाहता है । प्रेम में केवल दो पक्ष होते हैं, श्रद्धा में तीन । प्रेम में कोई मध्यस्थ नहीं, पर श्रद्धा में मध्यस्थ अपेक्षित है । प्रेमी और प्रिय के बीच कोई और वस्तु अनिवार्य नहीं, पर श्रद्धालु और श्रद्धेय के बीच कोई वस्तु चाहिए । इस बात का स्मरण रखने से यह पहचानना उतना कठिन न रह जायगा कि किसी के प्रति किसी का कोई आनंदान्तर्गत भाव प्रेम है या श्रद्धा । यदि किसी कवि का काव्य बहुत अच्छा लगा, किसी चित्रकार का बनाया चित्र बहुत सुंदर जँचा और हमारे चित्त में उस कवि या चित्रकार के प्रति एक सुहृद्-भाव उत्पन्न हुआ तो वह श्रद्धा है; क्योंकि यह काव्य या चित्ररूप मध्यस्थ द्वारा प्राप्त हुआ है ।

**96.** श्रद्धालु और श्रद्धेय के बीच कौन-सी तीसरी वस्तु चाहिए ?

(1) श्रद्धेय में गहरी आध्यात्मिक आस्था
(2) श्रद्धेय के महान् कार्य
(3) श्रद्धालु के महान कार्य
(4) श्रद्धालु और श्रद्धेय के बीच सिर्फ़ उत्कट प्रेम

**97.** "यदि प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण" से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

(1) प्रेम के समय व्यक्ति स्वप्नावस्था में होता है और श्रद्धा के समय जागृत अवस्था में ।
(2) प्रेम सिर्फ़ एक भ्रम है और श्रद्धा सत्य ।
(3) प्रेम सोच-विचार कर नहीं किया जाता जबकि श्रद्धा पूर्णत: सोच-विचारकर की जाती है ।
(4) प्रेम नासमझी है और श्रद्धा अंधी ।

**98.** "श्रद्धेय के आदर्श रूप का संघटन उसके फैलाए हुए कर्मतंतु के उपादान से होता है ।" से लेखक का तात्पर्य है ?

(1) श्रद्धेय का कर्मक्षेत्र श्रद्धालु की तुलना में सीमित भी हो सकता है ।
(2) श्रद्धा में श्रद्धालु का ध्यान श्रद्धेय के कर्मों पर पहले जाता है ।
(3) श्रद्धेय के आदर्श रूप का संघटन श्रद्धालु की दृष्टि पर निर्भर है ।
(4) 'श्रद्धेय का कर्म-तंतु' से तात्पर्य उसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के कार्यों से है ।

**99.** "प्रेम में केवल दो पक्ष होते हैं" से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(1) प्रेम में प्रेमिका के सामने सिर्फ़ प्रेमी और प्रेम में बाधक उसका परिवार होता है ।
(2) प्रेम करने वाले दो प्राणी एक-दूसरे में सिर्फ़ गुण ढूँढ़ते हैं ।
(3) प्रेमी-प्रेमिका इस भौतिक जगत से अलग अपनी दुनिया में मगन रहते हैं ।
(4) प्रेम में प्रेमी और प्रेमिका के अलावा अन्य किसी तीसरे व्यक्ति के लिए कोई जगह नहीं होती ।

**100.** उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि कौन-सा कथन सही है ?

(1) प्रेम और श्रद्धा में से प्रेम को हीन और श्रद्धा को ऊँचा स्थान दिया गया है ।
(2) प्रेम और श्रद्धा के बीच अन्तर का आकलन किया गया है ।
(3) प्रेम और श्रद्धा दोनों के महत्त्व का आकलन किया गया है ।
(4) प्रेम और श्रद्धा दोनों को सामाजिक कहा गया है ।

# रफ़ कार्य के लिए स्थान

www.careerindia.com